प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

'स्थापना दिवस पर रन फॉर यूनिवर्सिटी का आयोजन

पंतनगर। 12 नवम्बर 2024। विश्वविद्यालय के 65वें स्थापना दिवस सप्ताह के आज दूसरे दिन प्रातः 7:40 पर शारीरिक शिक्षा अनुभाग द्वारा स्टीवेंशन स्टेडियम से गांधी पार्क तक 'रन फार यूनिवर्सिटी' का आयोजन किया गया। इस दौड़ का शुभारम्भ विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। उन्होंने उपस्थित विश्वविद्यालय के कार्मिकों व विद्यार्थियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। दौड़ के प्रारम्भ में अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ए.एस. जीना एवं प्रभारी शारीरिक शिक्षा डा. ओम प्रकाश द्वारा मुख्य अतिथि कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान का स्वागत किया गया।

इस दौड़ में भारी संख्या में विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी व विद्यार्थी मौजूद रहे। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ए.एस. जीना के मार्गदर्शन में प्रभारी शारीरिक शिक्षा डा. ओम प्रकाश, सह अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. राजीव कुमार रंजन एवं डा. पूनम त्यागी, डा. जी.एस. बोहरा, डा. एच.एस. पपोला व डा. भाष्कर तिवारी, श्री के.पी. सिंह, श्री विजय, श्री प्रेम यादव व शारीरिक शिक्षा विभाग के कर्मियों आदि का योगदान रहा। उक्त दौड़ के समस्त प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय के मोनोग्राम छपी कैप निःशुल्क वितरित की गयी।

रन फॉर यूनिवर्सिटी कार्यक्रम का शुभारम्भ करते कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान।

निदेशक संचार